# श्रमदान कर मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े अभियान का किया शुभारंभ

- ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को दिखाई हरी झंडी
- नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज एमवाय अस्पताल परिसर में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़े की शुरुआत की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने सफाई श्रमदान किया. इसके बाद नगर निगम के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया. साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा पखवाड़े और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एमवाय हॉस्पिटल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया. उन्होंने एमवाय हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमवाय हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें. उन्होंने कहा कि एम. वाय. अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी. उक्त मौके पर डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की गंदगी न तो करें और न होने दें. कार्यक्रम में उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के लॉंचिंग



लोगो का विमोचन भी किया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, बैतूल विधायक और प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, संगठन मंत्री हितानंद शर्मा, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा तथा श्रवण चावड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे.

**हर व्यक्ति स्वच्छता से जुड़े: सीएम**-मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के साथ जुड़ना चाहिए. स्वच्छता हमारी आदतों में और दिनचर्या में शमिल हो. हर नागरिक का कर्तव्य है कि वे ना तो वह स्वयं गंदगी करें और दूसरों को भी नहीं करने दें. स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे तथा वर्ष में 100



घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की.

**ई-वेस्ट सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट: महापौर**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संचालन के दौरान बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है. इसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक है. उसी उद्देश्य को लेकर नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान शुरू किया गया है. महापौर ने कहा कि विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं. इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे- मोबाइल, चार्जर, पंखे, कंप्यूटर पार्ट्स, बैटरी, टीवी, रिमोट इत्यादि जमा करेंगे। अभियान के आगामी चरणों में शहर के नागरिकों को सक्रिय भागीदार बनाया जाएगा.

### निर्धारित स्थानों पर जमा करने की अपील

महापौर ने बताया कि शहर में चिन्हित स्थानों पर ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स रखे जाएंगे. वहां पर नागरिक अपने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कर सकेंगे. इसके साथ ही नगर निगम द्वारा घर-घर से भी वेस्ट कलेक्शन किया जाएगा. महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि उक्त अभियान के तहत अपने घरों, दुकानों एवं कार्यालयों से निकलने वाले पुराने एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को निर्धारित स्थानों पर जमा करें.

## एक नजर में

### सिंगुलैरिटी ग्रोथ फंड ने जारो इंस्टीट्यूट में निवेश किया

इंदौर. जारो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च लिमिटेड, ऑनलाइन माध्यमों से उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, और कंपनी ने अपने आईपीओ से पहले की फंडिंग राउंड में बड़े निवेशकों से 115 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त करने में सफलता पाई है. इस राउंड में कंपनी में निवेश करने वाले प्रमुख निवेशकों में सुनील सिंघानिया के एबक्कस डायवर्सिफाइड अल्फा फंड, मधु केला के सिंगुलैरिटी ग्रोथ ऑपर्च्युनिटीज फंड एवं सिंगुलैरिटी इक्विटी फंड, और शुभकाम वेंचर्स के साथ-साथ पॉलीकैब के फैमिली ऑफिस शामिल हैं. इनके अलावा, रेयर एंटरप्राइजेज के उत्पल शेठ, सुप्रीम इंडस्ट्रीज के फैमिली ऑफिस और देवेन चोकसी ने भी आईपीओ से पहले कंपनी में निवेश किया है. कंपनी ने अपने आने वाले आईपीओ के ज़रिए 450 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है.

### धोखाधड़ी को पहचानें और उसे रोकें

इंदौर. त्योहारी मौसम आकर्षक डील्स, विशाल चयन और खरीदारी की असीमित संभावनाएँ लेकर आ रहा है. इसी समय, झूठे ऑफरों में भी बढ़ोतरी दिख रही है, साथ ही कई प्लेटफॉर्मों पर गुमराह करने वाले संदेश प्रसारित हो रहे हैं. ऐसे में ग्राहकों को भरोसे के साथ खरीदारी करने में मदद के लिए, अमेज़न सभी को चौकन्ने रहने की याद दिला रहा है और बता रहा है कि आपके ऑनलाइन खरीदारी अनुभव को तहस-नहस करने वाले बुरे तत्वों से खुद को बचाकर रखें. अमेज़न इंडिया के जनसंपर्क एवं संचार निदेशक अश्विनी सम्राज ने कहा त्योहारों में आपके घर में खुशियाँ भरनी चाहिए, चिंता नहीं. यदि कोई भी चीज़ देखकर आपका दिल तेज़ी से धड़कने लगता है, जैसे अभी कार्रवाई करें; शुल्क चुकाएँ; किसी अनजान खरीदारी की पुष्टि करें- तो इसे ख़तरे की घंटी समझें, न कि क्लिक करने का एक कारण. हकीकत की पुष्टि करने के लिए अमेज़न ऐप या वेबसाइट पर लॉग इन करें, हमारी सुरक्षा का फायदा उठाएँ और किसी भी संदिग्ध वस्तु की रिपोर्ट करें ताकि हम आपके और दूसरों के लिए इसे रोकने में मदद कर सकें.

### टाटा प्ले कार्टून नेटवर्क फॉरएवर

इंदौर. टाटा प्ले पर लाखों भारतीयों का पसंदीदा कार्टून नेटवर्क फॉरएवर शुरू हो रहा है. यह सेवा वारनर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से पेश की जाएगी. इसके माध्यम से हर उम्र के दर्शक अपने बचपन के पसंदीदा कार्टून देख सकेंगे, वो भी बिना विज्ञापन के. यह प्रसारण हिंदी और इंग्लिश में किया जाएगा. 24/7 उपलब्धता के साथ दर्शकों को टॉम एंड जेरी, स्कूबी डू, बेबी लूनी ट्यून्स, डेक्सटर्स लैबोरेटरी, पॉवरपफ गर्ल्स क्लासिक, इड एड एन ऐडी, कोडनेम : किड्स नैक्स्ट डोर जैसे लोकप्रिय कार्टून तथा बैटमैन, सुपरमैन, जस्टिस लीग, ग्रीन लैन्टर्न आदि डीसी के एनिमेटेड शो देखने का मौका मिलेगा. टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, पल्लवी पुरी ने कहा, टाटा प्ले को ये पुराने कार्टून शो फिर से पेश करने की बहुत खुशी है. कार्टून नेटवर्क पर इन कार्टून किरदारों की वापसी से हमारी सेवाओं की श्रृंखला मजबूत हुई है. इससे दर्शकों को अपनी पसंद के अनुसार शो चुनने और देखने का अवसर मिलेगा. अर्जुन नोहवार, मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया, वारनर ब्रदर्स, डिस्कवरी ने कहा कार्टून नेटवर्क फॉरएवर पर हर किसी को अपने बचपन वाला कार्टून नेटवर्क देखने का अवसर मिलेगा, जिससे वो अपने बचपन की यादों को ताजा कर पाएंगे.

### मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण




इंदौर. द इंस्टिट्युशन ऑफ इंजिनियर्स द्वारा अभियंता दिवस मनाया गया. इस मौके पर एसजीएसआईटीएस के बाहर लगी महान इंजीनियर एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार मोक्षगुंडम विश्वेशरैया की प्रतिमा पर संस्था अध्यक्ष इंजी. दिनेश शुक्ला, सचिव रमेश चौहान ने माल्यार्पण किया. इस मौके र इंजी. प्रो. संदीप नारुलकर, प्रो. सुनील के. सोमानी, प्रो. सुनील कुमार अहिरवार डॉ. गिरीश सोनी. डॉ. बसंत अग्रवाल और डॉ. सचिन बलसेरा विशेष रूप से उपस्थित थे. मोक्षगुंडम विश्वेशरैया का जन्मदिन अभियंता दिवस के रूप मे मनाया जाता है.

### आधुनिक जीवन के लिए प्राचीन ज्ञान

इंदौर. आयुर्वेद सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र कला है, जो मन, शरीर और आत्मा के संतुलन पर आधारित है. प्राचीन आयुर्वेद हमें सिखाता है- समय पर उठो, योग और ध्यान करो, सात्विक भोजन खाओ और बादाम जैसे पोषक विकल्पों को अपनाओ, ताकि भागदौड़ भरी ज़िंदगी में भी स्थिरता और ऊर्जा बनी रहे. आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन विभिन्न आयुर्वेद आधारित जीवनशैली उपायों को साझा करती हैं और बताती हैं कि ये प्राचीन प्रथाएं आज के दौर में हमें कैसे लाभ पहुँचा सकती हैं. यह संदेश हर वर्ष 23 सितंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है. आयुर्वेद कहता है कि हमारी दिनचर्या को प्रकृति के साथ जोड़ना चाहिए. इसलिए सुबह सूरज उगने से लगभग एक घंटे पहले, यानी ब्राह्म मुहूर्त में उठने की सलाह दी जाती है. आयुर्वेद में आहार को औषधि के रूप में माना गया है. यह ताजे फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें तथा बादाम जैसे मेवों के सेवन पर बल देता है.

### अक्षय कुमार ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में मचाया धमाल

इंदौर. स्टंट करने में माहिर, जिनकी कॉमिक टाइमिंग हमेशा परफेक्ट रहती है, जो हर किसी का मज़ाक उड़ाते हैं और दिखने में 25 साल से ज्यादा नहीं लगते। हम बात कर रहे हैं इस हफ्ते के मेहमान अक्षय कुमार यानी खिलाड़ी कुमार की, जिन्होंने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 3 के फिनाले में धमाल मचा दिया और कपिल और उनके टीम को चौंका दिया, जबकि दर्शक हँसी के ठहाकों में डूब गए. कपिल ने अपने मेहमान के लिए जितने भी मज़ेदार सवाल तैयार किए, अक्षय का जवाब उनके मुकाबले तीन गुना मज़ेदार था, जिससे साबित हुआ कि वह सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि हसीनों के खिलाड़ी भी हैं. 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 3 का फिनाले देसी बॉयज़ को समर्पित एक धमाकेदार एपिसोड है। हँसी और मस्ती का मज़ा देखिए, 20 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर.

### कैशफ्री पेमेंट्स ने पेमेंट गेटवे रेट्स की घोषणा की

इंदौर. अपनी 10वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए फिनटेक दिग्गज कैशफ्री पेमेंट्स ने भारत के ऑनलाइन व्यापारियों के लिए एक विशेष अभियान की घोषणा की है. जो व्यवसाय 18 से 31 दिसंबर के बीच कैशफ्री पेमेंट्स से जुड़ते हैं, उन्हें इसके पेमेंट गेटवे सॉल्यूशन्स 1.6% की दर पर उपलब्ध होंगे. यह अब तक भारत में स्टार्टअप्स को दिया गया सबसे बेहतरीन पेमेंट गेटवे रेट है, जो पूरे एक साल तक मान्य रहेगा. कैशफ्री पेमेंट्स के को-फाउंडर और सीईओ आकाश सिन्हा ने कहा एक व्यवसाय शुरुआत से खड़ा करना कभी आसान नहीं होता, और हमने खुद वह सफर जिया है. इसी कारण हमें संस्थापकों और स्टार्टअप्स से गहरा जुड़ाव महसूस होता है, जो अपनी खुद की कहानी लिख रहे हैं. भारत की इनोवेशन की भावना आज पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है, और यह अभियान हमारे लिए उस ऊर्जा का जश्न मनाने का एक छोटा-सा प्रयास है, उन समुदायों को वापस देने का, जिन्होंने हम पर भरोसा किया है.



# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कॉलेज में किया पौधरोपण

**इंदौर.** सेवा पखवाडे के अंतर्गत आज बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर श्री अटल बिहारी बाजपेई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एक पेड़ मॉ के नाम से वृहद स्तर पर इण्डो शाइन ग्रुप के सहयोग से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया.


पौधारोपण कार्यक्रम में जिले की विभिन्न दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के बडी संख्या में दिव्यांगजनों को स्कूल एवं कॉलेजों की बसों के द्वारा लाया गया. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, गोलू शुक्ला विधायक, टीनू जैन, प्रिया पटेल वर्मा संयुक्त कलेक्टर, ब्लाइण्ड भारतीय क्रिकेट टीम के सोनू गोलकर, मीररंजन नेगी हॉकी खिलाडी, वीरेन्द्र जैन आयकर अधिकारी, आर्ट एण्ड कॉमर्स कॉलेज की प्राचार्य, डिप्टी रेंजर के साथ-साथ इण्डो शाइन ग्रुप के संस्थापक मलय दीक्षित, शिवानी गर्ग सहित टीम के अन्य सदस्यों द्वारा उपस्थित रहकर पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया. दिव्यांग बच्चों को ग्रुप द्वारा स्वल्पाहार भी दिया गया. दिव्यांग बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई.

# पीएम मित्र पार्क से बढ़ेगी मध्यप्रदेश की साख : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रधानमंत्री के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी का उद्घाटन

**इंदौर. सौभाग्य की बात है कि जन्मदिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले मध्यप्रदेश की धरती पर आए और धार-निमाड़ के जनजाति अंचल को देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क की सौगात दी. विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक प्रधानमंत्री ने देश और सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया है. उनके कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. मुख्यमंत्री डा.यादव ने कहा कि धार का पीएम मित्र पार्क निमाड़ के किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ प्रदेश के कॉटन उद्योग को विश्व के परिदृश्य में विशेष साख प्रदान करेगा.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही. मुख्यमंत्री खजराना गणेश मंदिर परिसर में सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के 75 सफल वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



खजराना सिद्ध गणेश मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के लंबे और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की, मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और रक्तदानियों का धन्यवाद ज्ञापित किया. इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, हितानंद शर्मा, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, ऊषा ठाकुर, मधु वर्मा तथा मनोज पटेल, सुमित मिश्रा, श्रवण सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

### जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाया

'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा 75 वर्ष' शीर्षक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री श्री मोदी के बचपन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यकाल की महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्शाया गया. गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी के विकास के गुजरात माडल को दर्शाया गया. प्रधानमंत्री की भूमिका में श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, वोकल फॉर लोकल, उद्यमशील भारत और डिजिटल भारत के संकल्प भी प्रदर्शित किए गए हैं. स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के योगदान को जनता के बीच प्रचारित करने में प्रधानमंत्री श्री मोदी की भूमिका भी प्रदर्शित की गई.

# 15 दिन सूखे के बाद फिर बारिश का दौर शुरू

- करीब 2 इंच पानी गिरने की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में 15 दिन सुखा रहने के बाद बुधवार शाम से बारिश का दौर शुरू हुआ. हालांकि शहर के उत्तर पूर्व में दोपहर में थोड़ी बारिश जरूर हुई थी. रात करीब 8 बजे के बाद से शहर में झमाझम बरसात हो रही थी.**

इस साल मानसून भविष्यवाणी के अनुसार थोड़ा आगे पीछे हो रहा है. यही कारण है कि अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र और दक्षिण पश्चिम मानसून का एक सिस्टम ओर सक्रिय हुआ है. उक्त सिस्टम ने सक्रिय होने थोड़ी देर कर दी. यही कारण है कि पिछली डोल ग्यारस के बाद आज श्राद्ध पक्ष की एकादशी को बारिश का दौर शुरू हुआ. शहर में करीब 15 दिन के बाद बारिश हो रही है. आज रात 8 बजे एसडी शुरू हुई बारिश में पानी



गिरने की गति तेज देखी गई। इसको झमाझम बारिश भी माना जा सकता है. एक अनुमान के अनुसार खबर लिखे जाने तक शहर में पिछले दो घंटे में करीब 1.5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका था. इस तरह शहर में बारिश का आंकड़ा सामान्य बारिश 36 इंच के करीब पहुंच गया है. खबर लिखे जाने तक तेज बारिश जारी थी. वैसे मौसम विभाग का आंकड़ा बारिश का सुबह ही मालूम पड़ेगा.

### तालाबों में पानी आने की उम्मीद


आज की बारिश से शहर के पूर्वी क्षेत्र के तालाब में पानी आने की उम्मीद की जा रही है. पूर्वी क्षेत्र में हो ज्यादा तेज बारिश होना बताया जा रहा है. शहर के बड़े बिलावली , छोटे बिलावली, पिपलिया पाला, लिंबोदी खाली पड़े है। आज बारिश होने से उक्त तालाबों के भरने की उम्मीद जागी है.



# पितृपक्ष में किए सेवा कार्य

**इंदौर.** पितृपक्ष के अवसर पर शीरोज़ सेवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वृद्ध आश्रम, दृष्टिहीन आश्रम तथा कस्तूरबा छात्रावास में भोजन, खाद्य सामग्री, फल, कंबल और आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया.

संस्था की संस्थापक डॉ. जानवी चंदवानी ने बताया कि उनकी संस्था हमेशा से ही लड़कियों, महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंदों की सेवा में सक्रिय रही है और इस बार पितृपक्ष के दौरान भी समाज के वंचित वर्गों के साथ खड़ा होकर सेवा कार्य किया. यह अभियान नमो श्री चेतना महिला एवं बाल विकास समिति की अर्चना गुप्ता जी के अनुमोदन तथा समाज के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर संचालित किया गया. विशेष रूप से संस्था के उपाध्यक्ष अश्विन राठौड़, मोयरा सरिया से पवन सिंघानिया, सीटू छाबड़ा, विक्की ठक्कर, रशिका नीमा, शोभा सिसोदिया, सीताराम राठौर, मयूर जी, पुष्पा मित्तल, चंचल कस्तूरबा छात्रावास से, ऋतु छाबड़ा नगर उपाध्यक्ष सहित अन्य सहयोगियों ने सेवा कार्य को सफल बनाने में योगदान दिया. डॉ. चंदवानी ने कहा कि आगे भी संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करती रहेगी और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगी.




# इंजीनियरों को अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए नैतिकता बनाए रखना चाहिए

*वैष्णव विद्यापीठ में 5वां मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया व्याख्यान*

**इंदौर.** वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में 5वें मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया व्याख्यान का आयोजन मंगलवार को किया गया. यह डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता: भारत टेकाडे को आगे बढ़ाना के विषय पर केंद्रित था. कार्यक्रम का उद्देश्य इंजीनियरिंग और उन्नत तकनीकों के माध्यम से देश के भविष्य निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका को उजागर करना था. कुलपति डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने कहा कि इंजीनियरों को एआई, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए नैतिकता और सतत विकास के मूल्यों को बनाए रखना चाहिए. मुख्य अतिथि डॉ. नीतीश पुरीहित, निदेशक, एसजीएसआईटीएस, इंदौर ने उद्घाटन करते हुए युवा इंजीनियरों के कौशल विकास, टीम वर्क, नवाचार और जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया. कार्यक्रम में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जीवन और योगदान आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई. डीन डॉ. नमित गुप्ता ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया और डीन अकादमिक्स डॉ. आनंद राजवाड़ ने सभी गणमान्य अतिथियों, फैकल्टी और छात्रों का आभार व्यक्त किया.

**एक नजर में** | 73 करोड़ रुपए की मास्टर प्लान सड़क के लाभ से वंचित शहर की जनता और ट्रांसपोर्ट व्यापारी


# आठ सौ मीटर बस्ती में उलझी आईडीए की एमआर 11 सड़क

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मास्टर प्लान की एमआर 11 सड़क 8 मीटर की बस्ती के कारण उलझी हुई है. सड़क का बाकी हिस्सा दोनों तरफ से बन गया है. उक्त सड़क को आईडीए 73 करोड़ की लागत से बना रहा है. यह सड़क 60 मीटर चौड़ी है और 3.5 किलोमीटर लंबी है.**

आईडीए ने एबी रोड से बायपास तक साढ़े तीन किलोमीटर मास्टर प्लान की एमआर 11 सड़क बना दी है. 3.5 किलोमीटर में से 800 मीटर बस्ती का टुकड़ा नहीं बन पा रहा है. आईडीए द्वारा नगर निगम को उक्त बस्ती हटाने के कई बार पत्र लिखे गए हैं. उक्त बस्ती नहीं हटाने के कारण मास्टर प्लान की उक्त सड़क अधूरी बनकर अनुपयोगी हो रही है. मास्टर प्लान की यह सड़क 60 मीटर यानी 250 फीट चौड़ी बन रही है और इसका करीब 2.5 किलोमीटर से ज्यादा हिस्सा बन चुका है. उक्त सड़क की निर्माण लागत 73 करोड़ रुपए है. इसका ठेका हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया गया है. उक्त सड़क पर यातायात





शुरू होने से देवास नाका के ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को राहत मिलेगी. आईडीए द्वारा एबी रोड से बायपास जाने आने के लिए नई सड़क मिलने से भारी वाहन का दबाव शहर में कम हो जाएगा.

### निम्न तरह से बन रही है एमआर 11 सड़क

60 मीटर चौड़ी सड़क में 21 मीटर का मैन कैरेज वे होगा. यानि 10.5-10.5 मीटर चौड़े दो मुख्य मार्ग है. 7-7 मीटर चौड़ी सर्विस रोड होगी. सड़क के दोनों ओर 3-3 मीटर के साइकिल ट्रैक है. इसके बाद सड़क के दोनों तरफ 3.5-3.5 मीटर की फुटपाथ होगी. सड़क मुख्य मार्ग के बीच में 3 मीटर यानि 10 फीट चौड़ा डिवाइडर रहेगा. आईडीए सूत्रों के अनुसार यह शहर की सबसे खूबसूरत सड़क होगी.

**सड़क में 237 बाधक है बस्ती के**- एमआर 11 सड़क में एबी रोड से नाले तक 25 और पीपलियाकुमार की बस्ती के 212 कच्चे पक्के निर्माण बाधक है. उक्त बस्ती को आईडीए ने नगर निगम से कई बार पत्र लिखकर हटाने की कारवाई का कहा है, लेकिन निगम द्वारा सड़क में बाधक उक्त बस्ती को हटाने की कारवाई अभी तक नहीं की गई है.